किसान मेले में एक लाख रूपये से ऊपर में बिकी भैंस की गाभिन कटिया

पंतनगर। 14 मार्च 2026। 119वें अखिल भारतीय किसान मेले में शैक्षणिक डेरी फार्म पर गाभिन संकर एवं साहीवाल बछियों तथा भैंस की कटियो की नीलामी का आयोजन किया गया। नीलामी में 2 संकर बछियों, 4 साहीवाल बछियों तथा 2 कटियों की नीलामी हुई। एक भैंस कटियॉ को श्री हरदेव सिंह, बहेड़ी द्वारा अधिकतम नीलामी दर रू. 1,04,000.00 लगाकर प्राप्त किया गया एवं साहीवाल बछिया को अधिकतम नीलामी दर श्री भगवान सहाय, हल्द्वानी द्वारा रू. 91,000.00 लगाकर प्राप्त की गयी । संकर बछियां की अधिकतम नीलामी दर श्री गोविन्द सिंह, दिनेशपुर द्वारा रू. 77,000.00 लगाकर प्राप्त की गयी। नीलामी में 8 पशु कुल रू. 5,89,000.00 में नीलाम हुए। नीलामी के दौरान डा. ए.एच.अहमद, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, डा. शिव कुमार, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डेरी फार्म, डा. ए.के. घोष, प्राध्यापक (ए.जी.बी), डा. जे.एल.सिंह, प्राध्यापक, मेडिसीन विभाग, डा. सुनील कुमार, सहायक निदेशक, शैक्षणिक डेरी फार्म, डा. अमित प्रसाद, सहायक निदेशक (पशु स्वास्थ), शैक्षणिक डेरी एवं कुक्कुट फार्म, श्री श्रवण कुमार, सहायक लेखाधिकारी एवं श्री कर्मा उरॉव, लेखाकार, नीलामी में उपस्थित रहें। श्री ए.के. सिंह, भण्डार क्रय अधिकारी द्वारा नीलामी का संचालन किया गया। माननीय कुलपति डा. एम.एस. चौहान, डा. ए.एच.अहमद, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय तथा निदेशक, प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने नीलामी में अधिक दरें प्राप्त होने पर समस्त टीम को बधाई दी । नीलामी में कुल 18 पशुपालको द्वारा बोलीदाता के रूप में प्रतिभाग किया गया तथा लगभग 200 अन्य किसान उपस्थित रहें।